# लखनऊ विश्वविद्यालय

## लखनऊ, उ0प्र0—226007

Web. : www.lkouniv.ac.in, E-mail : registrar@lkouniv.ac.in, Phon/Fax : 0522-2740412


संदर्भ संख्या :............................./सम्बद्धता/2022

दिनांक :..........................................

ई—मेल/रजिस्टर्ड/स्पीड पोस्ट/व्यक्तिगत

## कार्यालय—आदेश

सेवा में,

प्रबन्धक/प्राचार्य/प्राचार्या,
समस्त सहयुक्त महाविद्यालय
(लखनऊ, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली एवं हरदोई)
लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ।

**विषय : शैक्षिक सत्र 2022—23 में विभिन्न पाठ्यक्रमों की विश्वविद्यालय से सहयुक्तता प्राप्त करने एवं प्रवेश लिये जाने के सम्बन्ध में।**

महोदय/महोदया,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में सूच्य है कि विश्वविद्यालय से सहयुक्त महाविद्यालयों में पूर्व संचालित पाठ्यक्रमों जिनकी सहयुक्तता 30 जून, 2022 को समाप्त हो चुकी है और शासन के निर्देशानुसार सत्र 2022—23 की सहयुक्तता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं की गयी है, ऐसे पाठ्यक्रमों/विषयों में सत्र 2022—23 में प्रवेश स्वतः प्रतिबन्धित रहेगा।

अतः उपरोक्त के दृष्टिगत सम्बन्धित सहयुक्त महाविद्यालयों को निर्देशित किये जाने का निदेश हुआ है कि अपने महाविद्यालय में संचालित ऐसे पाठ्यक्रमों/विषयों जिनकी सहयुक्तता 30 जून, 2022 को समाप्त हो चुकी है और शासन द्वारा निर्धारित समय सारिणी के अन्तर्गत **2022—23 की सहयुक्तता विश्वविद्यालय से प्राप्त नहीं की गयी है, उनमें शैक्षिक सत्र 2022—23 में प्रवेश की कार्यवाही स्थगित रखने का कष्ट करें** तथा सहयुक्तता के बिना यदि संदर्भित पाठ्यक्रमों में प्रवेश लिया जाता है तो उन विद्यार्थियों की परीक्षायें विश्वविद्यालय द्वारा कराया जाना विधिक रूप से सम्भव नहीं होगा और ऐसी स्थिति में किसी प्रतिकूल कार्यवाही के लिए सम्बन्धित महाविद्यालय स्वयं उत्तरदायी होगा।

भवदीय

(संजय मेधावी)
कुलसचिव

संख्या : Af/15557—60 दिनांक : 20/08/2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :—

1. सचिव कुलपति को मा0 कुलपति महोदय के अवलोकनार्थ।
2. क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी, सेक्टर—एम, आशियाना, लखनऊ।
3. इंचार्ज, वेबसाईट/कम्प्यूटर केन्द्र, ल0वि0वि0 को इस आशय से प्रेषित कि समस्त सहयुक्त महाविद्यालयों (लखनऊ, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, रायबरेली एवं हरदोई) को ई—मेल पर प्रेषित करने का कष्ट करें।
4. गार्ड फाईल।

(प्रमोद कुमार मिश्र)
सहा. कुलसचिव(सम्ब0)